न्यायालय सम्भागीय आयुक्त जोधपुर

D- 694/2025

ऑर्डरशीट अनवर देवायत v/s मुटकुली

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्सजज	नम्बर व तारीख अहमकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
25.5.26	पीठासीन अधिकारी आज अवकाश पर/अन्य में व्यस्त होने से पत्रावली सूचीबद्ध सुनवाई हेतु पूर्व अनुसार दिनांक 27.5.26 को पेश हो। आज्ञा से रीडर डिविजनल कमिश्नर जोधपुर	अपीलार्थी द्वारा अपील विड्रोल करना चाहते हैं Vikram
27.5.2026	पत्रावली पेश हुई। अपीलान्ट एवं रेस्पो0 संख्या 1 ता 3 के विद्वान अधिवक्तागण उपस्थित है। अपीलान्ट के अधिवक्ता के द्वारा आज दिनांक 27.5.2026 को एक प्रार्थना पत्र बाबत अपील विड्रोल करने, का पेश करते हुए यह कथन किया गया कि अपीलार्थी एवं रेस्पोडेन्टस् के मध्य लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो गया है। इसलिये अपीलार्थी अपनी अपील को आगे नहीं चलाना चाहता है। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि अपीलार्थी की अपील जरिये विड्राल खारिज किये जाने का आदेश फरमावें। रेस्पो0 संख्या 1 ता 3 के अधिवक्ता द्वारा इस प्रार्थना पत्र पर कोई आपत्ति नहीं की गई। अपीलान्ट के विद्वान अधिवक्ता के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का बगौर अवलोकन किया गया उसमें अंकित तथ्यो पर गहनता से मनन, चिन्तन किया गया। अवलोकन विचाराधीन अपील बाबत अपीलार्थी एवं रेस्पोडेन्टस के मध्य अदालत में राजीनामा हो गया है। ऐसे में अपीलान्ट के विद्वान अधिवक्ता के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 27.05.2026 को लोक अदालत की भावना से स्वीकार किया जाकर अपील के गुणावगुण पर विचार किये बिना इस अपील को इसी स्तर पर निस्तारण करते हुए अपील जरिये विड्रोल खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जावे। अधीनस्थ न्यायालय का मूल रेकर्ड लौटाया जावे। सम्भागीय आयुक्त जोधपुर	अपीलार्थी द्वारा अपील को जरिये विड्रोल करने पर रेस्पोडेन्ट नं. 1 से 3 की ओर से कोई आपत्ति नहीं है। (अनवर अली)

अ.नि. देवाराम

Identified by Vikram

Adv. Vikram Choudhary 27/5/26

सम्भागीय आयुक्त जोधपुर